प्रेस नोट 02/04/2024

<u>सराहनीय कार्य करने वाले यू0पी0 112 के 25 पुलिसकर्मी हुये सम्मानित–</u>

आज दिनांक 02.004.2024 को पुलिस अधीक्षक कार्यालय में श्री इलामारन जी, पुलिस अधीक्षक मऊ द्वारा सराहनीय कार्य करने वाले यू0पी0 112 के पीआरवी 2252, 4528, 2284 व 2280 पर नियुक्त 25 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा उनका उत्साहवर्धन किया गया, जिनका विवरण निम्नवत है–

पीआरवी 2252 स्टाफ– थाना कोतवाली
हे0का0 अक्षय कुमार यादव, का0 प्रदीप चौहान, का0 घनश्याम।
हो0गा0 पायलट अनिल कुमार यादव।

पीआरवी 4528 स्टाफ– थाना रामपुर
आरक्षी राहुल पासवान, विवेक कुमार व अमन कुमार।
हो0गा0 पायलट रामजियावन पाल, संदीप सिंह व जनार्दन यादव।

पीआरवी 2284 स्टाफ– थाना हलधरपुर
आरक्षी विजय प्रकाश, उत्रेश कुमार, ऋतुराज, गौरव पटेल व आ0चा0 अभिषेक प्रकाश सिंह।
हो0गा0 पायलट पवन कुमार सिंह।

पीआरवी 2280 स्टाफ– थाना मधुबन
हे0का0 सरजीत सिंह, का0 अश्वनी कुमार, का0 मनीष कुमार, यशवंत कुमार, का0 पिंटू कुमार व का0 चा0 रंजीत रावत।
हो0गा0 पायलट पंकज पाण्डेय।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 27.03.2024 को समय लगभग 09:08 बजे यूपी–112 को इवेंट के माध्यम से थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत गाजीपुर तिराहे से 03 वर्ष के बच्ची के गुमशुदा/अपहरण की सूचना प्राप्त होने पर तत्काल पीआरवी 2252 पर नियुक्त पुलिसकर्मियों की सूझ–बूझ एवं तत्परता के साथ की गयी कार्यवाही के उपरांत 03 वर्षीय गुमशुदा बच्ची को सकुशल बरामद कर परिजनों को सुपुर्द किया गया था। साथ ही साथ पीआरवी 4528 थाना रामपुर, पीआरवी 2284 थाना हलधरपुर व पीआरवी 2280 थाना मधुबन का दिनांक 23.03.2024 को औसत रिस्पांस टाइम क्रमशः 02:32, 04:32 व 04:35 था जो जनपद/रेंज/जोन में प्रथम तथा प्रदेश में 06वां स्थान प्राप्त हुआ। उक्त पीआरवी कर्मियों द्वारा तत्परतापूर्वक कम से कम समय में कार्यवाही करने तथा कालर को उचित सहायता प्रदान किया गया।

आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 को लेकर जनपद मऊ में शांति/सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ बनाये रखने के दृष्टिगत आज दिनांक 02.04.2024 पुलिस अधीक्षक मऊ श्री इलामारन जी के निर्देशन में जनपद में क्षेत्राधिकारी/प्रभारी निरीक्षकों के नेतृत्व में भारी संख्या में अर्धसैनिक बल व जनपदीय पुलिस बल के साथ संवेदनशील/मिश्रित आबादी वाले क्षेत्रों, बाजार, भीड़-भाड़ वाले स्थानों एवं महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों के आस-पास रूट मार्च/एरिया डॉमिनेशन कर आम जनमानस में शांति/सुरक्षा व्यवस्था के प्रति किया जा रहा आश्वस्त।

◆एंटीरोमियो टीमों द्वारा महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलम्बन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाए जा रहे महिला सुरक्षा सम्बन्धी विभिन्न हेल्पलाइन नम्बरों के बारे में किया गया जागरूक

आज दिनांक 02.04.2024 जनपद मऊ के विभिन्न थानों की एंटी रोमियो टीमों द्वारा शासन द्वारा नारी सुरक्षा/नारी सम्मान/नारी स्वावलंबन/महिला कल्याण के प्रति चलाए जा रहे अभियान मिशन शक्ति के तहत महिलाओं एवं बालिकाओं के मध्य सशक्तिकरण व विश्वास का वातावरण बनाने के उद्देश्य से जनपद में महिला सम्बन्धी अपराधों की रोकथाम हेतु महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को नारी सुरक्षा, नारी स्वावलंबन एवं नारी सम्मान की दिशा में चलाये जा रहे पुलिस की महिला सुरक्षा सम्बंधी विभिन्न महिला हेल्प लाइन 1090, यूपी-112, हेल्पलाइन नम्बरों 1076 आदि के बारे में जागरूक किया तथा उपस्थित सभी महिलाओं/बालिकाओं/छात्राओं को किसी भी विषम परिस्थिति में तत्काल उक्त दिए गए हेल्पलाइन नम्बरों पर कॉल कर पुलिस को सूचित करने हेतु बताया गया। सभी बालिकाओं/महिलाओं को हेल्पलाइन नम्बर का निर्भीक होकर उपयोग करने हेतु तथा महिलाओं को आत्मनिर्भर बनने व निर्भीक होकर अपने अपने क्षेत्र में कार्य करने/शिक्षा ग्रहण करने के लिये प्रेरित किया गया।

अवैध रिवॉल्वर के साथ एक शातिर अभियुक्त गिरफ्तार-

आज दिनांक 02.04.2024 को थाना हलघरपुर पुलिस द्वारा देखभाल क्षेत्र व चेकिंग के दौरान जरिये मुखबिर की सूचना पर गाढ़ा नहर पुलिया के पास से अभियुक्त राममिलन पुत्र सुरेन्द्रराम निवासी मडइलीबड़नपुर थाना हलधरपुर जनपद मऊ के कब्जे से एक अदद रिवॉल्वर 32 बोर बरामद किया गया इस संबंध मे उक्त अभियुक्त के विरुद्ध थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 82/24 धारा 3/25 आर्म्स एक्ट का अभियोग पंजीकृत कर चालान न्यायालय किया गया।